Need to provide immediate central assistance to flood affected areas in Ganganagar Parliamentary Constituency - laid

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर): मैं आपका ध्यान पिछले कई दिनों से हिमाचल व पंजाब राज्यों में हो रही भारी वर्षा की ओर आकर्षित करना चाहूँगा, जिसके कारण मेरे संसदीय क्षेत्र गंगानगर के अंतर्गत हनुमानगढ़, सूरतगढ़, पीलीबंगा, टिब्बी आदि क्षेत्रों में बहने वाली घग्घर नदी में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है । हरियाणा के ओ.टू. हेड से पिछले कई दिनों से लगातार घग्घर नदी में पानी की आवक हो रही है । अत्यधिक पानी की आवक होने से घग्घर नदी के निचले इलाकों में बाढ़ के हालात बने हुए है । खेतों के डूबने से बाढ़ का असर फसलों पर भी हो रहा है । आमजन के साथ-साथ क्षेत्र के किसानों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । स्थानीय प्रशासन व ग्रामवासी मिलकर स्थिति से निपटने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अचानक हालात खराब होने की स्थिति में प्रशासन को बड़े स्तर पर राहत कार्य करने में परेशानी होगी । अत: मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में उपजे इन बाढ़ के हालातों को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द केन्द्रीय सहायता पहुँचाने का कष्ट करें ।